राष्ट्रीय सहारा

# छात्रों को दृष्टिकोण तय करने में काउंसलर्स करते हैं मदद

कानपुर (एसएनबी)। सीएसजेएमयू एम्प्लायमेंट ब्यूरो व ज्वाला देवी विद्या मंदिर पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को ऑनलाइन करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एम्प्लायमेंट ब्यूरो प्रमुख डॉ. सिधांशु राय, कॉलेज प्राचार्य डॉ. शालिनी मिश्रा व मोटिवेशनल काउंसलर डॉ. अनुराधा पांडेय ने संवोधित किया। संयोजिका डॉ. अनुपमा कुशवाहा ने सभी का स्वागत करते हुए काउंसलिंग के महत्व को इंगित किया।




डॉ. अनुराधा पांडेय ने कहा कि कॅरियर काउंसलिंग के साथ-साथ पर्सनल काउंसलिंग अत्यंत आवश्यक है। खास कर छात्राओं के लिए जो अपनी वातों को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाती हैं। उन्होंने कहा कि काउंसलर्स मानसिक स्थिति का विश्लेषण कर उन्हें सही दृष्टिकोण वनाने में मदद करते हैं। मवि काउंसलिंग सेल प्रभारी डॉ. पूनम विज ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम से कॉलेज की शिक्षिकाएं डॉ. सीमा प्रकाश, डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, डॉ. नमिता, डॉ. तरन्नुम, अंजली नैंसी व एम्प्लायमेंट व्यूरो के अजय जैन, मृदुल तिवारी भी जुड़े।